छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

सूचना

क्रमांक **8693**/दो–14–1/2025 बिलासपुर, दिनांक 05/ 05/2026
Adv. No. 04/2025 (JJA(Comp.))

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की स्थापना द्वारा सूचना क्रमांक 8106/दो–14–1/2025 बिलासपुर, दिनांक 28/04/2026 जारी कर कनिष्ठ न्यायिक सहायक (कम्प्यूटर) {Junior Judicial Assistant (Computer)} के पदों की कौशल परीक्षा में उपस्थित समस्त 47 अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया था है कि वे अपने समस्त शैक्षणिक/तकनीकि प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति को छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर के ई–मेल पर दिनांक 05/05/2026 को रात्रि 12.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

चूंकि आज दिनांक तक उक्त ई–मेल पर किसी भी अभ्यर्थी के दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए हैं। अतः उक्त पद की कौशल परीक्षा में उपस्थित समस्त अभ्यर्थियों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि वे अपने समस्त शैक्षणिक/तकनीकि प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर के इस ई–मेल (**rec-cghc@cg.gov.in**) पर **दिनांक 11/05/2026 को रात्रि 12.00 बजे तक** अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। अन्य किसी माध्यम से प्रेषित दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (नोट– अभ्यर्थी पूर्व में जारी सूचना क्रमांक 8106 दिनांक 28/04/2026 में दिये गये ई–मेल पर दस्तावेज प्रेषित न करें।)

उक्त निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेंगे तथा किसी अभ्यर्थी के स्वप्रमाणित दस्तावेजों की प्रति निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त नहीं होने पर, अभ्यर्थी को अयोग्य माना जायेगा तथा इस संबंध में कोई भी पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा।

05/5/26

(मंसूर अहमद)
प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल